# Model Question Paper
# Class 10+2
# Subject : Geography
# (Hindi and English Version)

Time Allowed : 3 Hours | Maximum Marks : 60

परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

Candidates are required to write the answers in their own words as far as possible.

प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

Marks allotted to each question are indicated against it.

नोट : (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

Note: All questions are compulsory.

(ii) विश्व तथा भारत के मानचित्रों को उत्तर–पुस्तिका के साथ धागे से बाँध दें।

Maps of world and India should be securely tied with answer-book sheet.

Q.1 निम्नलिखित को विश्व तथा भारत के रेखामानचित्रों पर दर्शाइए।

(क) विश्व में उच्च मानव विकास वाले दो देश।

(ख) कोई दो लोहा–इस्पात औद्योगिक केन्द्र।

(ग) भारत का सबसे कम स्त्री साक्षरता दर वाला राज्य।

(घ) उत्तर–दक्षिण गलियारा।

Show the following on the outline maps of the world and India.

(a) Two countries of high human development index in the world. 1 4 4

(b) Any two Iron-Steel Industrial Centre.

(c) State which has lowest female literacy rate in India.

(d) North-South Corridor.

Q.2 बहु–विकल्पीय प्रश्न–

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं। ठीक उत्तर को लिखें।

(i) निम्न में से कौन सी रोपण फसल नहीं है?

(क) कॉफी (ख) गन्ना (ग) रबड़ (घ) गेहूँ

(ii) इनमें से किस अर्थव्यवस्था में उत्पादन का स्वामित्व व्यक्तिगत होता है?

(क) पूंजीवादी (ख) मिश्रित (ग) समाजवादी (घ) कोई भी नहीं

(iii) इनमें से कौन सा तृतीयक क्रियाकलाप है?

(क) कृषि (ख) खनन (ग) व्यापार (घ) आखेट

(iv) किस देश में रेलमार्गों का सघनतम जाल पाया जाता है।

(क) भारत (ख) चीन (ग) संयुक्त राज्य अमेरिका (घ) रूस

(v) निम्न व्यापार समूहों में से भारत किसका सह–सदस्य है?

(क) साफ्टा (SAFTA) (ख) आसियान (ASEAN)

(ग) ओ.ई.सी.डी (OECD) (घ) ओपेक (OPEC)

(vi) निम्नलिखित में से जल किस प्रकार का संसाधन है।

(क) अजैव संसाधन (ख) जैव संसाधन (ग) अनवीकरणीय संसाधन (घ) चक्रीय संसाधन

(vii) निम्न में से कौन सा राज्य चीनी उत्पादन में प्रथम है?

(क) महाराष्ट्र (ख) उत्तर प्रदेश (ग) पंजाब (घ) तमिलनाडू

(viii) भारतीय रेल प्रणाली को कितने मण्डलों में बांटा गया है?

(क) 9 (ख) 12 (ग) 16 (घ) 14

(ix) निम्न में से किस स्थान पर पहला परमाणु ऊर्जा केन्द्र स्थपित किया गया था?

(क) कल्पक्कम (ख) नरौरा (ग) राणा प्रताप सागर (घ) तारापुर

(x) किस वर्ष भारत में पहला रेडियो कार्यक्रम प्रसारित हुआ था?

(क) 1911 (ख) 1936 (ग) 1927 (घ) 1923

Multiple Choice Questions :-

Four multiple choice answers are given for the following questions. Write the correct answer.

(i) Which one of the following is not plantation crop?

(a) Coffee (b) Sugarcane (c) Rubber (d) Wheat

(ii) In which of the following economy the ownership of production is personal?

(a) Capitalist (b) Mixed (c) Socialist (d) None of these

(iii) Which one of the following is Tertiary activity?

(a) Agriculture (b) Mining (c) Trade (d) Hunting

(iv) Which country has the dense railway network.

(a) India (b) China (c) United States of America (d) Russia

(v) Of Which one of the following trade groups India is associate member?

(a) (SAFTA) (b) (ASEAN) (c) (OECD) (d) (OPEC)

(vi) What type of Resource is Water?

(a) Abiotic (b) Biotic (c) Non-renewable (d) Cyclic

(vii) Which one of the following states is the highest producer of sugar?

(a) Maharashtra (b) Uttar Pradesh (c) Punjab (d) Tamilnadu

(viii) In how many divisions Indian Railway System is divided?

(a) 9 (b) 12 (c) 16 (d) 14

(ix) Where was the first Nuclear-Energy Centre was established.

(a) Kalpakkam (b) Naraura (c) Rana Pratap Sagar (d) Tarapur

(x) In which year in India was first Radio programme broadcast?

(a) 1911 (b) 1936 (c) 1927 (d) 1923 1 10 10

Q.3 अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के आधारों की विवेचना कीजिए।

Describe the basis of International Trade. 5

Q.4 भारत में गेंहू की कृषि के लिए अनुकूल भौगोलिक दशाओं का वर्णन कीजिए।

Describe the favourable geographical conditions for the cultivation of wheat in India. 5

Q.5 प्रवास से क्या अभिप्राय है? भारत में प्रवास के कारणों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

What do you mean by migration? Describe briefly the causes of migration in India.

Q.6 पर्यटन को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन करो।

Describe the factors influencing the Tourism. 4

Q.7 ग्रामीण तथा नगरीय बस्तियों में अंतर कीजिए।

Distinguish between rural and urban settlements. 4

Q.8 भारत के पश्चिमी तट पर स्थित पत्तनों का विवरण दीजिए।

Describe the ports situated on the Western coast of India. 4

Q.9 मानव भूगोल से क्या अभिप्राय है?

What do you mean by Human Geography? 2

Q.10 जनसंख्या घनत्त्व से क्या अभिप्राय है?

What do you mean by density of population? 2

Q.11 मानव विकास के चार स्तम्भों के नाम लिखो।

Name the four pillars of human development. 2

Q.12 कृषि से क्या अभिप्राय है?

What do you mean by agriculture? 2

Q.13 जल परिवहन के क्या लाभ हैं?

What are the advantages of water transport. 2

Q.14 ग्रामीण बस्तियों के विभिन्न प्रकारों के लिए कौन से कारक और दशाएं उत्तरदायी होते हैं?

Which factors are responsible for the different types of rural settelments? 2

Q.15 भारत के प्रमुख पर्यटन नगरों के नाम बताइए।

Name the major tourists spots of India. 2

Q.16 ऊर्जा के गैर परम्परागत स्रोत कौन से हैं?

What are the non-conventional sources of energy? 2

Q.17 नियोजन किसे कहते हैं?

What is planning? 2

Q.18 मानव स्वास्थ्य पर जल प्रदूषण के क्या प्रभाव पड़ते हैं?

What are the effects of water pollution on human health? 2

# Model Question Paper
# With Solution
# Class 10+2
# Subject : Geography

प्र.1 **निम्नलिखित को विश्व तथा भारत के रेखामानचित्रों पर दर्शाइए :**

(क) विश्व में उच्च मानव विकास वाले दो देश।

उत्तर :नार्वे तथा ऑस्ट्रेलिया

(ख) कोई दो लोहा–इस्पात औद्योगिक केन्द्र।

उत्तर :मास्को तथा नागासाकी

(ग) भारत का सबसे कम स्त्री साक्षरता दर वाला राज्य।

उत्तर :राजस्थान

(घ) उतर–दक्षिण गलियारा

उत्तर :श्रीनगर से कन्याकुमारी 1 4 4

प्र.2 **बहु-विकल्पीय प्रश्न** India World

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर दिए गये हैं। ठीक उत्तर को लिखें।

(i) निम्न में से कौन सी रोपण फसल नहीं है?

(क) कॉफी (ख) गन्ना (ग) रबड़ (घ) गेहूँ

उत्तर :(घ) गेहूँ

(ii) इनमें से किस अर्थव्यवस्था में उत्पादन का स्वामित्व व्यक्तिगत होता है?

(क) पूंजीवादी (ख) मिश्रित (ग) समाजवादी (घ) कोई भी नहीं

उत्तर :(क) पूंजीवादी

(iii) इनमें से कौन सा तृतीयक क्रिया कलाप है?

(क) कृषि (ख) खनन (ग) व्यापार (घ) आखेट

उत्तर :(ग) व्यापार

(iv) किस देश में रेलमार्गों के जाल का सघनतम घनत्व पाया जाता है?

(क) भारत (ख) चीन (ग) संयुक्त राज्य अमेरिका (घ) रूस

उत्तर :(ग) संयुक्त राज्य अमेरिका

(v) निम्न व्यापार समूहों में से भारत किसका सह–सदस्य है?

(क) साफ्टा (SAFTA) (ख) आसियान (ASEAN)

(ग) ओ.ई.सी.डी (OECD) (घ) ओपेक (OPEC)

उत्तर :(ख) आसियान (ASEAN)

(vi) निम्नलिखित में से जल किस प्रकार का संसाधन है?

(क) अजैव संसाधन (ख) जैव संसाधन

(ग) अनवीकरणीय संसाधन (घ) चक्रीय संसाधन

उत्तर :(घ) चक्रीय संसाधन

(vii) निम्न में से कौन सा राज्य चीनी उत्पादन में प्रथम है?

(क) महाराष्ट्र (ख) उत्तर प्रदेश (ग) पंजाब (घ) तमिलनाडू

उत्तर :(ख) उत्तर प्रदेश

(viii) भारतीय रेल प्रणाली को कितने मण्डलों में बांटो गया है?

(क) 9 (ख) 12 (ग) 16 (घ) 14

उत्तर (ग) 16

(ix) निम्न में से किस स्थान पर पहला परमाणु ऊर्जा केन्द्र स्थापित किया गया था?

(क) कल्पक्कम (ख) नरौरा (ग) राणा प्रताप सागर (घ) तारापुर

उत्तर (घ) तारापुर

(x) किस वर्ष भारत में पहला रेडियो कार्यक्रम प्रसारित हुआ था?

(क) 1911 (ख) 1936 (ग) 1927 (घ) 1923

उत्तर (घ) 1923 1 10 10

प्र.3 **अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के आधारों की विवेचना कीजिए।** 5

उत्तर अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार अनेक बातों पर निर्भर करता है, जिनमें प्रमुख निम्नलिखित हैं :

(i) राष्ट्रीय संसाधनों में भिन्नता : भौतिक संरचना जैसे कि भू विज्ञान, उच्चावच, मृदा व जलवायु में भिन्नता के कारण विश्व के राष्ट्रीय संसाधन असमान रूप से वितरित है।

(क) भौगोलिक संरचना खनिज संसाधन आधार को निर्धारित करती है और खनिज संसाधनों की उपलब्धता विश्व में असमान है। जिससे औद्योगिक विकास जुड़ा हुआ है।

(ख) धरातलीय विभिन्नताएं फसलों व पशुओं की विविधता सुनिश्चित करती है। निम्न भूमियों में कृषि की संभावना अधिक होती है और पर्वत पर्यटन को बढ़ावा देते हैं।

(ग) जलवायु किसी दिए हुए क्षेत्र मे जीवित रह जाने वाले पादप व वन्य जात के प्रकार को प्रभावित करती है। यह विभिन्न उत्पादों की विविधता को भी सुनिश्चित करती है।

(ii) <u>जनसंख्या कारक</u> : संसार में सभी जगह जनसंख्या का वितरण समान नहीं है। अधिक जनसंख्या वाले देशों में प्रत्येक वस्तु की खपत अधिक होने के कारण वहां व्यापार के लिए कुछ नहीं बच पाता। इसके विपरीत कम जनसंख्या वाले देश अपनी आवश्यकता से अधिक उत्पादन करते हैं। अतः इसे फेंकने की बजाए अन्य जरूरतमंद देशों को बेचकर अधिक लाभ कमाते हैं। इस प्रकार जनसंख्या का वितरण अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को प्रभावित करता है।

(iii) <u>आर्थिक विकास की प्रावस्था</u> : देशों के आर्थिक विकास की भिन्न अवस्थाओं में व्यापार की गई वस्तुओं का प्रकार परिवर्तित हो जाता है। कृषि की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण देशों में, विनिर्माण की

वस्तुओं के लिए कृषि उत्पादों का विनिमय किया जाता है, जबकि औद्योगिक राष्ट्र मशीनरी और निर्मित उत्पादों का निर्यात करते हैं तथा खाद्यान्न तथा अन्य कच्चे पदार्थों का आयात करते हैं।

(vi) विदेशी निवेश की सीमा : विदेशी निवेश विकासशील देशों में व्यापार को बढ़ावा दे सकता है जिसके पास खनन, प्रबंधन द्वारा तेल–खनन, भारी अभियांत्रिकी, काठ कबाड़ तथा बागवानी कृषि के विकास के लिए आवश्यक पूंजी का अभाव है। विकासशील देशों में ऐसे पूंजी प्रधान उद्योगो के विकास द्वारा औद्योगिक राष्ट्र खाद्य पदार्थों, खनिजों का आयात सुनिश्चित करते हैं तथा अपने निर्मित उत्पादों के लिए बाजार निर्मित करते हैं। यह संपूर्ण चक्र देशों के बीच में व्यापार के परिमाण को आगे बढ़ाता है।

(v) परिवहन : पुराने समय में परिवहन के पर्याप्त और समुचित साधनों का अभाव स्थानीय क्षेत्रों में व्यापार को प्रतिबंधित करता था। केवल उच्च मूल्य वाली वस्तुओं, जैसे रत्न, रेशम तथा मसाले का लम्बी दूरियों तक व्यापार किया जाता था। रेल, समुद्री तथा वायु परिवहन के विस्तार और प्रशीतन तथा परिरक्षण के बेहतर साधनों के साथ, व्यापार ने स्थानिक विस्तार का अनुभव किया है।

प्र.4 **भारत में गेहूँ की कृषि के लिए अनुकूल भौगोलिक दशाओं का वर्णन कीजिए।** 5

उत्तर : भारत के बहुत से भागों में गेहूँ ही लोगों का मुख्य आहार है। यह प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट तथा विभिन्न विटामिनों से युक्त होता है। यह शीतोष्ण कटिबन्ध का पौधा है। इसकी कृषि के लिए निम्नलिखित भौगोलिक दशाओं की आवश्यकता होती है।

(i) तापमान–भारत में यह रबी की फसल है जिसे अक्तूबर से नवम्बर में बोया जाता है और मार्च–अप्रैल में काटा जाता है। इसे बोते समय $10^0$ सेल्सियस, बढ़ते समय $14^0$ सेल्सियस से $18^0$ सेल्सियस तथा पकते समय $21^0$ सेल्सियस की आवश्यकता होती है।

(ii) वर्षा : गेहूँ की फसल के लिए 50 सैंटीमीटर से 75 सैंटीमीटर वार्षिक वर्षा की आवश्यकता होती है। बोते समय साधारण वर्षा इसके लिए लाभदायक है। पकते समय शुष्क मौसम अनिवार्य है। 100 सैंटीमीटर वर्षा इसके लिए हानिकारक होती है। वर्षा की कमी वाले क्षेत्रों में सिंचाई की सहायता से गेहूँ की कृषि की जाती है।

(iii) मिट्टी : गेहूँ अनेक प्रकार की मिट्टियों में बोया जा सकता है, परन्तु हल्की चिकनी मिट्टी, भारी दोमट मिट्टी और बलुई दोमट मिट्टी गेहूँ की कृषि के लिए उपयुक्त समझी जाती है।

(iv) धरातल : गेहूँ की कृषि के लिए समतल मैदानी भूमि अनुकूल होती है क्योंकि समतल भूमि पर आधुनिक यंत्र आसानी से उपयोग किए जा सकते हैं।

प्र.5 **प्रवास से क्या अभिप्राय है? भारत में प्रवास के कारणों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।** 4

उत्तर : प्रवासः– जनसंख्या के एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरण को प्रवास कहते हैं। इसके कारण विभिन्न क्षेत्रों के जनसंख्या वितरण के साथ–साथ लिंग, आयु संरचना, कुल जनसंख्या में परिवर्तन हो जाता है।

भारत में प्रवास के कारण :– प्रवास विविध कारणों से होता है जिनमें आर्थिक तथा सामाजिक कारण प्रमुख हैं :–

(1) आर्थिक कारण :– रोजगार एवं अच्छे आर्थिक अवसरों की तलाश में लोग अपने मूल स्थान को छोड़ कर संभावित स्थानों में जा बसते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि, लघु एवं कुटीर उद्योगों से भी सभी लोग अपनी आजीविका नहीं कमा पाने के कारण काफी संख्या में नगरों की ओर प्रवास कर जाते हैं, जहाँ उद्योग, व्यापार, परिवहन तथा अन्य कई आर्थिक क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध होता है।

(2) सामाजिक कारण :– इसके अन्तर्गत सामाजिक व राजनीतिक असुरक्षा, वर्गीय व जातिय संघर्ष इत्यादि के कारण भारी संख्या में लोग पलायन कर जाते हैं।

(3) विवाह :– भारत में विवाह भी प्रवास का एक महत्त्वपूर्ण कारण है। वर्तमान में स्थानीय क्षेत्र के अतिरिक्त, जिला, राज्य व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर लड़के व लड़कियाँ यथायोग्य विवाह बंधन में बंध जाते हैं जिससे प्रवास के आंकड़े बढ़ जाते हैं।

(4) अन्य कारण :– लोग कुछ कारणों से अल्पकाल के लिए भी प्रवास करते हैं – जैसे बेहतर शिक्षा, रोजगार के अवसरों, स्वास्थ्य सेवाओं, मनोरंजन तथा कानूनी सलाह के लिए लोग विभिन्न नगरों में प्रवास करते हैं।

प्र.6 **पर्यटन को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन करो।** 4

उत्तर : पर्यटन को मुख्य रूप से निम्नलिखित प्रभावित करते हैं :

(i) माँग:–विगत शताब्दी से अवकाश के लिए मांग तीव्रता से बढ़ी है। जीवन स्तर में सुधार तथा बढ़े हुए फुरसत के समय के कारण अधिक लोग विश्राम के लिए अवकाश पर जाते हैं।

(ii) परिवहन :– परिवहन सुविधाओं के सुधार के साथ पर्यटन क्षेत्रों का आरम्भ हुआ है। बेहतर सड़क प्रणालियों में कार द्वारा यात्रा सुगम होती है। हाल के वर्षों में वायु परिवहन का विस्तार अधिक महत्त्वपूर्ण रहा है।

(iii) पर्यटन आकर्षण :

(क) जलवायु : ठंडे प्रदेशों के अधिकांश लोग पुलिन विश्राम के लिए उष्ण तथा धूपदार मौसम की अपेक्षा करते हैं । दक्षिणी यूरोप और भूमध्यसागरीय क्षेत्रों में पर्यटन के महत्त्व का यही एक मुख्य कारण है। इस प्रकार जलवायु भी पर्यटन को प्रभावित करती है।

(ख) भू–दृश्य : कई लोग आकर्षित करने वाले पर्यावरण में अवकाश बिताना पसंद करते हैं, जिसका प्रायः अर्थ होता है पर्वत, झीलें, दर्शनीय समुद्री तट और मनुष्य द्वारा पूर्ण रूप से अपरिवर्तित भू–दृश्य।

(ग) इतिहास एवं कला : लोग प्राचीन और सुन्दर नगरों, पुरातत्व के स्थानों पर जाते हैं और किलों, महलों और गिरिजाघरों को देख कर आनन्द उठाते हैं।

(घ) संस्कृति और अर्थव्यवस्था : मानव जातीय और स्थानीय रीतियों को पसंद करने वालों को पर्यटन लुभाता है। यदि कोई प्रदेश पर्यटकों की जरूरतों को सस्ते दामों में पूरा करता है

तो वह अत्यन्त लोकप्रिय हो जाता है। 'घरों में रूकन' एक लाभदायक व्यापार बन कर उभरा है जैसे गोआ में हेरीटेज होम्स तथा कर्नाटक में मैडीकेरे और कूर्ग।

प्र.7 **ग्रामीण तथा नगरीय बस्तियों में अंतर कीजिए।**

उत्तर ग्रामीण तथा नगरीय बस्तियाँ–आकार, जनसंख्या, व्यवसायों तथा पर्यावरणीय सन्दर्भों में एक दूसरे से भिन्न होती है। इनमें निम्न अंतर होते हैं :–

| | ग्रामीण बस्तियाँ | नगरीय बस्तियाँ |
|---|---|---|
| 1. | <u>आकार</u>:–ग्रामीण बस्तियों का आकार छोटा होता है। इनमें दो–चार से लेकर कई सौ घर हो सकते हैं। | नगरीय बस्तियों का आकार बड़ा होता है कुछ नगरों में हजार व कुछ में हजारों घर होते हैं। बड़े नगरों को महानगर कहते हैं। |
| 2. | <u>जनसंख्या</u>:– ग्रामीण बस्तियों में जनसंख्या कम रहती है। इनमें प्रायः 10–20 से 4999 तक लोग रहते हैं तथा जनसंख्या घनत्व भी कम होता है। | नगरीय बस्तियों में जनसंख्या अधिक होती है इनमें 5000 से लेकर लाखों लोग रहते हैं तथा जनसंख्या घनत्व भी अधिक होता है। |
| 3. | <u>व्यवसाय</u>:– ग्रामीण बस्तियों में लोग अपनी जीविका के लिए प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप में पूर्णतया भूमि पर निर्भर रहते हैं। इनमें रहने वाले लोग प्राथमिक व्यवसायों– जैसे कृषि, पशुपालन, लकड़ी काटना, इत्यादि कार्य करते हैं। | इन बस्तियों में लोग अपनी जीविका के लिए द्वितीयक व तृतीयक व्यवसायों जैसे निर्माण उद्योग, व्यापार, प्रशासन एवं सेवाओं के क्षेत्र में कार्य करते हैं। |
| 4. | <u>पर्यावरणीय स्थितियों</u><br>इनमें आवासीय स्थल की अधिकता के कारण मकान प्रायः खुले व स्थानीय कच्चे–माल लकड़ी, मिट्‌टी, घास–फूस के बने होते हैं। पर्यावरणीय स्थितियाँ बेहतर होती हैं। | इनमें आवासीय स्थल की कमी के कारण मकान प्रायः कम खुले तथा बहु– मंजलीय होते हैं। भवन निर्माण–पक्की ईंटों, सीमेंट, कंकरीट, लकड़ी तथा लोहे से बने होते हैं। पर्यावरणीय स्थितियां कम बेहतर होती हैं। |

प्र.8 **भारत के पश्चिमी तट पर स्थित पत्तनों का विवरण दीजिए।** 4

उत्तर : भारत देश के 12 प्रमुख बन्दरगाहों को स्थिति के अनुसार निम्नलिखित दो वर्गों में विभाजित किया जाता है। पूर्वी तट पर स्थित बन्दरगाहें और पश्चिमी तट पर स्थित बन्दरगाहें।

भारत की पश्चिमी तट पर स्थित बन्दगाहें निम्नलिखित हैं :

(i) <u>मुंबई</u>: यह एक प्राकृतिक पोताश्रय है और देश का सबसे बड़ा पत्तन हैं। इस पत्तन द्वारा मुख्य रूप से पेट्रोलियम उत्पादों और शुष्क माल का व्यापार किया जाता है। स्वेज नहर के खुल जाने से इसका महत्त्व और भी बढ़ गया है।

(ii) <u>जवाहलाल नेहरू पत्तन</u> :– मुंबई पत्तन पर दवाब कम करने के लिए मुंबई से लगभग 10 कि.मी. की दूरी पर न्हावा–शेवा में जवाहर लाल नेहरू नाम का पंजीकृत पत्तन का विकास किया गया है।

(iii) <u>कांडला</u>: कच्छ के रण से पश्चिमी छोर पर स्थित है। स्वतंत्रता के बाद कराची बंदरगाह के पाकिस्तान में चले जाने पर मुंबई पर दबाव बढ़ गया था। इस दबाव को कम करने के लिए सबसे पहले कांडला पत्तन का विकास किया गया था। देश के उत्तर–पश्चिमी भागों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कांडला को प्रमुख पत्तन के रूप में विकसित किया गया।

(iv) <u>मारमागाओ</u> : गोवा में स्थित एक प्राकृतिक पोताश्रय है। यहां से मुख्यतः लौह–अयस्क, मछलियों के उत्पादों, नारियल और मसालों का निर्यात किया जाता है। इस पत्तन पर आयात की जाने वाली वस्तुएँ हैं– उर्वरक, रसायन, खाद्य पदार्थ आदि।

(I) (v) न्यू मंगलौर : यह कर्नाटक राज्य में स्थित है। यह कुद्रेमुख के लौह–अयस्क और लौह सांद्र निर्यात करता है। यहां से उर्वरकों, पेट्रोलियम उत्पादों, खाद्य तेलों, काफी, चाय आदि का आयात और निर्यात किया जाता है।

(vi) कोचीन : यह केरल में स्थित है। यहां से पेट्रोलियम और उसके उत्पादों, उर्वरकों और कच्चे माल का आयात–निर्यात होता है। कोचीन, केरल, दक्षिण कर्नाटक और दक्षिण–पश्चिमी तमिलनाडू की आवश्यकताओं को पूरा करता है।

प्र.9 **मानव भूगोल से क्या अभिप्राय है?** 2

उत्तर : भूगोल की वह शाखा जिसमें किसी क्षेत्र में मानव द्वारा विकसित परिस्थितियों/वातावरण तथा मानव एवं वातावरण के बीच होने वाली क्रियाओं एवं प्रतिक्रियाओं का अध्ययन किया जाए उसे मानव भूगोल कहते हैं।

प्र.10 **जनसंख्या घनत्व से क्या अभिप्राय है?** 2

उत्तर भूमि की प्रत्येक इकाई में उस पर रहे रहे लोगों के पोषण की सीमित क्षमता होती है। अतः लोगों की संख्या और भूमि के आकार के बीच अनुपात को समझना आवश्यक है। यही लोगों की संख्या और भूमि के या क्षेत्रफल के बीच के अनुपात को जनसंख्या घनत्व कहते हैं।

$$\text{जनसंख्या घनत्व} = \frac{\text{कुल जनसंख्या}}{\text{कुल क्षेत्रफल}}$$

प्र.11 **मानव विकास के चार स्तम्भों के नाम लिखो।** 2

उत्तर : (i) निष्पक्षता (Equity)

(ii) संपोष्टिकता (Sustainability)

(iii) उत्पादकता (Productivity)

(iv) समर्थता (Empowerment)

प्र.12 **कृषि से क्या अभिप्राय है?** (2)

उत्तर : भूमि को जोतने, फसलें और पौधे उगाने तथा पशुओं को पालने की कला एवं विज्ञान को कृषि कहते हैं।

प्र.13 **जल परिवहन के क्या लाभ हैं?** (2)

उत्तर : जल परिवहन भारी तथा अधिक स्थान घेरने वाली वस्तुओं को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने का सबसे सस्ता साधन है। इसमें सड़कों और रेलमार्गों की भांति जलमार्गों के रख–रखाव पर कुछ भी खर्च नहीं करना पड़ता और न ही यातायात के लिए विशेष मार्ग बनाने की आवश्यकता पड़ती है।

प्र.14 **ग्रामीण बस्तियों के विभिन्न प्रकारो के लिये कौन से कारक और दशाएं उत्तरदायी होते हैं?**

उत्तर : ग्रामीण बस्तियों के विभिन्न प्रकारों के लिए निम्नलिखित कारक और दशाएं उत्तरदायी हैं :

(i) भौतिक लक्षण – भू–भाग की प्रकृति, ऊंचाई, जलवायु और जल की उपलब्धता।

(ii) सांस्कृतिक और मानवजातीय कारक– सामाजिक संरचना, जाति और धर्म।

(iii) सुरक्षा संबंधी कारक–चोरियों और डकैतियों से सुरक्षा।

प्र.15 **भारत के प्रमुख पर्यटन नगरों के नाम बताईए।** (2)

उत्तर : (i) नैनीताल (ii) मसूरी (iii) शिमला (iv) जोधपुर (v) जैसलमेर (vi) माऊंट आबू

प्र.16 **ऊर्जा के गैर-परम्परागत स्त्रोत कौन से हैं?** (2)

उत्तर : गैर–परंपरागत ऊर्जा के नवीन स्रोत हैं जो असमाप्य तथा नवीकरण योग्य संसाधन हैं। सौर ऊर्जा, बायोगैस, जैव ऊर्जा, पवन ऊर्जा, लघु जल विद्युत परियोजनाएं, नगरीय और औद्योगिक कूड़ा करकट गैर–परम्परागत ऊर्जा के प्रमुख स्रोत हैं।

प्र.17 **नियोजन किसे कहते हैं?** (2)

उत्तर : नियोजन भविष्य की समस्याओं के समाधान करने के लिए बनाई गई क्रियाओं के क्रम/अनुक्रम को विकसित करने की प्रक्रिया है।

प्र.18 **मानव स्वास्थ्य पर जल प्रदूषण के क्या प्रभाव पड़ते हैं?** 2

उत्तर : जल प्रदूषण विभिन्न प्रकार की जल जनित बिमारियों का एक प्रमुख स्रोत होता है। प्रदूषित जल के उपयोग के कारण प्रायः दस्त (डायरिया), आँतों के कृमि, हेपेटाइटिस जैसी बीमारियाँ होती

हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट दर्शाती है कि भारत में लगभग एक–चौथाई संचारी रोग जल–जनित होते हैं।